श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 113, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार, 29 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# पीएम मोदी ने परखीं वैक्सीन की तैयारियां

**मोदी ने अहमदाबाद हैदराबाद और पुणे में वैक्सीन निर्माण से जुड़े संस्थानों में पहुंचकर प्रगति की जानकारी ली और विज्ञानियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के इस सफर में सरकार पूरी मदद के लिए तैयार है।**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कोरोना से जंग में वैक्सीन की अहमियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हर छोटे-बड़े देश की निगाह इस पर टिकी है। इस दिशा में भारतीय विज्ञानियों के अब तक के काम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संतुष्ट हैं। शनिवार को देश में परीक्षण के दौर में चल रही तीन वैक्सीन की प्रगति की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री के चेहरे पर संतोष की झलक थी। मोदी ने अहमदाबाद, हैदराबाद और पुणे में वैक्सीन निर्माण से जुड़े संस्थानों में पहुंचकर प्रगति की जानकारी ली और विज्ञानियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के इस सफर में सरकार पूरी मदद के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री मोदी ने दौरे की शुरूआत अहमदाबाद स्थित जायडस बायोटेक पार्क से की। यहां फार्मा कंपनी जायडस कैडिला का मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट है। जायडस कैडिला की वैक्सीन जायको वी-डी के दूसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल चल रहा है। पीएम मोदी ने यहां विज्ञानियों एवं अन्य अधिकारियों से चर्चा की और वैक्सीन निर्माण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली।

करीब घंटेभर यहां रहने के बाद पीएम मोदी हैदराबाद में भारत बायोटेक के मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट पर पहुंचे। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के साथ मिलकर भारत बायोटेक कोवैक्सीन का निर्माण कर रही है। 26 हजार वॉलंटियर्स के साथ इस वैक्सीन का तीसरे चरण का ट्रायल चल रहा है। इस वैक्सीन को हैदराबाद की जीनोम वैली में भारत बायोटेक के बीएसएल-3 (बायो सेफ्टी लेवल -3) संयंत्र में बनाया जा रहा है।




हैदराबाद में वैक्सीन की प्रगति की समीक्षा के बाद पीएम मोदी ने पुणे का रुख किया। यहां सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया कोविशील्ड वैक्सीन का निर्माण कर रही है। इस वैक्सीन को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और ब्रिटिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने विकसित किया है। हाल ही में इसके ट्रायल के शुरूआती नतीजे आए हैं। वैक्सीन के हाफ डोज-फुल डोज को 90 फीसद और फुल डोज-फुल डोज को 62 फीसद कारगर पाया गया है। दुनिया में विकसित की जा रही अन्य वैक्सीन की तुलना में इसे भारतीय परिस्थितियों के अधिक अनुकूल माना जा रहा है। सीरम इंस्टीट्यूट में विज्ञानियों से चर्चा के बाद मोदी ने संस्थान का दौरा कर वैक्सीन निर्माण की प्रगति का जायजा लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सीरम इंस्टीट्यूट का दौरा करने के बाद संस्?थान के सीईओ अदार पूनावाला ने दावा किया है कि अगले दो सप्ताह में कोविशील्ड के इमरजेंसी इस्तेमाल के लिए आवेदन कर दिया जाएगा। पूनावाला का कहना है कि यह वैक्सीन लगने के बाद लोगों को अस्पताल जाने की नौबत नहीं आएगी। अदार पूनावाला ने कहा कि सीरम इंस्टीट्यूट के इतिहास में यह विशेष दिन था, जब प्रधानमंत्री ने स्वयं इंस्टीट्यूट में आकर जानकारी ली और वह हमारी तैयारियों से संतुष्ट दिखे।

पूनावाला के अनुसार, अभी यह तय नहीं है कि सरकार कितने डोज खरीदेगी। उम्मीद है कि जुलाई तक सरकार 30 से 40 करोड़ डोज खरीद सकती है। पूनावाला ने बताया कि भारत में वैक्सीन रखने की पूरी व्यवस्था है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि वैक्सीन निर्माण की प्रक्रिया में कोई शॉर्टकट नहीं अपनाया जाएगा।

## भ्रष्टाचार में पूर्व आइएएस बाबूलाल पर कसा शिकंजा, 27 करोड़ की संपत्ति अटैच



**रायपुर, राज्य ब्यूरो।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार पूर्व आइएएस बाबूलाल अग्रवाल की 27.86 6 करोड़ की संपत्ति को अटैच कर लिया है। मनी लांड्रिंग एक्ट में कार्रवाई करते हुए अग्रवाल और उसके परिवार के सदस्यों के कारखानों, बैंक खातों और अचल संपत्तियों को सील किया गया है। इसके अलावा 291 बैंक खातों में जमा 20 लाख से अधिक रुपये और एक्सप्रेस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड का 39 लाख का रिहायशी प्लाट को भी अटैच किया गया है। पहले ही वर्ष 2017 में प्राइम इस्पात लिमिटेड की 35.49 करोड़ की संपत्ति और आयकर छापे में मिले दो किलो सोना को अटैच किए जा चुका है।

नौ नवंबर को ईडी ने बाबूलाल अग्रवाल को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद विशेष अदालत ने उसे पांच दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा है। ईडी के अनुसार बाबूलाल ने अपने सीए सुनील अग्रवाल, अशोक अग्रवाल और पवन अग्रवाल के साथ मिलकर रायपुर के खरोरा और इसके आसपास के गांवों के ग्रामीणों के नाम पर 400 से अधिक बैंक खाते खोल 13 शेल कंपनियों के माध्यम से अवैध कमाई को खपाया था। छत्तीसगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो और आयकर विभाग ने 2010 में भ्रष्टाचार मामले में बाबूलाल के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी।

## लव जिहाद में बरेली में पहला मुकदमा दर्ज, धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का बना रहा था दबाव

**बरेली, जेएनएन।** लव जिहाद का नया कानून लागू होने के बाद शनिवार रात देवरनिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। माना जा रहा है कि इस कानून के तहत यह प्रदेश का पहला मुकदमा है। लव जिहाद के आरोप में देवरनिया पुलिस ने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 3/5 की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी घर से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दूसरे धर्म का युवक धर्म परिवर्तन का दबाव बनाकर निकाह करना चाहता था।

देवरनिया के एक गांव में रहने वाली युवती की उवैश से जान-पहचान थी। दोनों इंटर तक एक ही कॉलेज में पढ़े। तीन साल पहले वहां पढ़ाई पूरी करने के बाद युवती दूसरे कॉलेज में पढ़ने लगी। इसके बावजूद उवैश उसे परेशान करता रहा। युवती




के अनुसार, एक साल से वह लगातार दबाव बना रहा था कि धर्म परिवर्तन कर उससे निकाह करे। शुरू में वह टालती रही। डर था कि मामले को तूल दिया तो बदनामी होगी। बाद में विरोध किया तो अपहरण करने की धमकी देने लगा।

युवती के अनुसार, उसने यह बात अपने स्वजन को बताई, जिसके बाद आरोपित को समझाने का प्रयास किया गया मगर, उसका दुस्साहस बढ़ता गया। विवाद से बचने के लिए युवती के पिता ने जून में उसकी शादी किसी दूसरी जगह कर दी। युवती की शादी होने के बाद भी उवैश उसके स्वजन को परेशान करता। आए दिन घर पहुंचकर अभद्रता करता था।

युवती के पिता का कहना है कि शनिवार को भी वह घर आ गया। कहने लगा कि अपनी बेटी को ससुराल से घर बुलाओ। उसे मुझसे ही निकाह करना होगा। धर्म परिवर्तन करना होगा, तभी तुम लोगों की जान बच सकेगी। इसके बाद तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। रात करीब आठ बजे युवती के पिता थाने पहुंचे और पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद रात करीब 11 बजे पुलिस ने उसके खिलाफ विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 3/5 का मुकदमा दर्ज कर उसके घर दबिश दी मगर हाथ नहीं आया।

एसपी देहात संसार सिंह के अनुसार आरोपित उवैश अहमद के खिलाफ विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित के पकड़ने के लिए थाने की पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश में अब छल-कपट से, कोई प्रलोभन देकर अथवा जबरन कराए गए धर्मांतरण के लिए कानून लागू हो गया है। अब धर्मांतरण करने के लिए कम से कम 60 दिन (दो माह) पूर्व जिलाधिकारी अथवा संबंधित अपर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष तय प्रारूप के तहत आवेदन करना भी अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र में यह घोषणा करनी होगी कि संबंधित व्यक्ति खुद से, अपनी स्वतंत्र सहमति से तथा बिना किसी दबाव, बल अथवा प्रलोभन के धर्म परिवर्तन करना चाहता है। घोषणा करने के दिनांक से 21 दिनों के भीतर संबंधित व्यक्ति को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत होकर अपनी पहचान स्थापित करनी होगी और घोषणा की विषयवस्तु की पुष्टि करनी होगी। जिलाधिकारी धर्म परिवर्तन के वास्तविक आशय, प्रयोजन व कारण की पुलिस के जरिए जांच कराने के बाद अनुमति प्रदान करेंगे।

## मूल धर्म में हो सकेगी वापसी, नहीं माना जाएगा धर्मांतरण, जानें क्या कहता है अध्यादेश...

**उत्तर प्रदेश में लव जिहाद की बढ़ती घटनाएं कानून-व्यवस्था के लिए लगातार चुनौती बनती जा रही थीं। ऐसी घटनाओं में प्रभावी कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मांतरण को लेकर कठोर कानून बना दिया है।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश में लव जिहाद की बढ़ती घटनाएं कानून-व्यवस्था के लिए लगातार चुनौती बनती जा रही थीं। ऐसी घटनाओं में प्रभावी कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मांतरण को लेकर कठोर कानून बना दिया है। अब राज्य में छल-कपट से, कोई प्रलोभन देकर या जबरन कराए गए धर्मांतरण के लिए कानून लागू हो गया है। उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 में यह भी साफ किया गया है कि यदि कोई महिला अथवा पुरुष एक धर्म से दूसरे धर्म में जाने के बाद अपने ठीक पूर्व धर्म में फिर से वापसी करता है तो उसे इस अध्यादेश के तहत धर्मांतरण नहीं माना जाएगा।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि कोई व्यक्ति एक धर्म से दूसरे धर्म में संपरिवर्तन के बाद अपनी स्वेच्छा से अपने ठीक पहले के धर्म में वापसी कर सकता है। कानून के तहत ऐसे धर्म परिवर्तन को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में रखा गया है, जो मिथ्या, निरूपण, बलपूर्वक, असम्यक, प्रभाव, प्रलोभन या अन्य किसी कपट रीति से या विवाह द्वारा किया जाएगा।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मंजूरी मिलने के साथ ही प्रदेश में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 लागू हो गया है। अध्यादेश लागू किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। कैबिनेट ने 24 नवंबर को अध्यादेश को मंजूरी दी थी और उसे अनुमोदन के लिए राजभवन भेजा गया था। अध्यादेश को छह माह के भीतर विधानमंडल के दोनों सदनों में मंजूरी दिलानी होगी।

उत्तर प्रदेश में अब छल-कपट से, कोई प्रलोभन देकर या जबरन कराए गए धर्मांतरण के लिए कानून लागू हो गया है। इसके तहत धर्म बदलने के लिए कम से कम 60 दिन यानी दो महीने पहले जिलाधिकारी या संबंधित अपर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष तय प्रारूप में आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र में यह घोषणा करनी होगी कि संबंधित व्यक्ति खुद से, अपनी स्वतंत्र सहमति से तथा बिना किसी दबाव, बल या प्रलोभन के धर्म परिवर्तन करना चाहता है। घोषणा करने की तारीख से 21 दिनों के भीतर संबंधित व्यक्ति को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत होकर अपनी पहचान स्थापित करनी होगी और घोषणा की विषयवस्तु की पुष्टि करनी होगी। जिलाधिकारी धर्म परिवर्तन के वास्तविक आशय, प्रयोजन व कारण की पुलिस के जरिये जांच कराने के बाद अनुमति प्रदान करेंगे।

अध्यादेश के तहत जबरन धर्मांतरण के मामलों में एक से 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में अब जबरन या कोई प्रलोभन देकर किसी का धर्म परिवर्तन कराया जाना अपराध होगा। विवाह के जरिये एक से दूसरे धर्म में परिवर्तन भी कठोर अपराध की श्रेणी में होगा। यह अपराध गैरजमानती होगा।

सामूहिक धर्म परिवर्तन के मामलों में शामिल संबंधित सामाजिक संगठनों का पंजीकरण निरस्त कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

अध्यादेश के उल्लंघन की दोषी किसी संस्था या संगठन के विरुद्ध भी सजा का प्रावधान होगा।

जबरन धर्म परिवर्तन के मामलों में साक्ष्य देने का भार भी आरोपित पर होगा। यानी कपटपूर्वक, जबरदस्ती या विवाह के लिए किसी का धर्म परिवर्तन किए जाने के मामलों में आरोपित को ही साबित करना होगा कि ऐसा नहीं हुआ।

यह अपराध संज्ञेय अपराध की श्रेणी में होगा और गैर जमानती होगा। अभियोग का विचारण प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट की कोर्ट में होगा।

यदि किसी लड़की का धर्म परिवर्तन एक मात्र प्रयोजन विवाह के लिए किया गया तो विवाह शून्य घोषित किया जा सकेगा।

पीड़िता या पीड़ित के अलावा उसके माता-पिता, भाई-बहन या रक्त संबंधी भी मामले में रिपोर्ट दर्ज करा सकेंगे।

**यह होगी सजा और जुर्माना**

कोरोना काल मे ट्रेनों का संचालन तो शुरू हो गया है। बिना कन्फर्म टिकट के यात्रा की अनुमति नहीं है।

अध्यादेश में छल-कपट से, प्रलोभन देकर, बल पूर्वक या विवाह के लिए धर्म परिवर्तन के सामान्य मामले में कम से कम एक वर्ष तथा अधिकतम पांच वर्ष की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा कम से कम 15 हजार रुपये तक जुमार्ना होगा।

नाबालिग लड़की, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की महिला का जबरन धर्म परिवर्तन कराए जाने के मामले में कम से कम दो वर्ष तथा अधिकतम 10 वर्ष तक का कारावास तथा कम से कम 25 हजार रुपये जुर्माना होगा।

## ओवैसी के गढ़ में गरजे योगी आदित्यनाथ, कहा- हैदराबाद का नाम बदलकर फिर से होगा भाग्यनगर

**ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव के लिए पहली दिसंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती चार दिसंबर को होगी। ओवैसी के गढ़ में हो रहे नगर निगम चुनाव में भाजपा का झंडा फहराने के उद्देश्य से उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जमकर गरजे।**



**हैदराबाद, एएनआइ।** असदुद्दीन ओवैसी के गढ़ में हो रहे नगर निगम चुनाव में भाजपा का झंडा फहराने के उद्देश्य से उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जमकर गरजे। शनिवार को रोड शो कर उन्होंने तेलंगना राज्य की राजधानी में हलचल पैदा कर दी। इस मौके पर उन्होंने हैदराबाद का नाम बदलकर फिर से भाग्यनगर करने की बात भी जोरदार तरीके से उठाई।

हैदराबाद के मलकाजगिरी मंडल में रोड शो के दौरान योगी ने कहा कि लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या हैदराबाद का नाम बदलकर फिर से भाग्यनगर किया जा सकता है तो मैं कहता हूं कि क्यों नहीं।

उप्र में भाजपा के सत्ता में आने पर हमने फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या और इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज कर दिया। ऐसे में हैदराबाद का भी नाम बदलकर फिर से भाग्यनगर किया जा सकता है।

इस मौके पर योगी ने ओवैसी की पार्टी आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लमीन (एआइएम आइएम) के बिहार के विधायक अख्तारुल इमान द्वारा शपथ ग्रहण के दौरान हिंदुस्तान शब्द का प्रयोग न करने की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि ये लोग हिंदुस्तान में रहते हैं, लेकिन जब हिंदुस्तान के नाम पर शपथ लेने की बात आती है तो वे पीछे हट जाते हैं। एआइएमआइएम का यही असली चेहरा है। योगी ने तेलंगाना के सत्तारूढ़ दल तेलंगाना राष्ट्रीय समिति (टीआरएस) पर हमला करते हुए कहा कि टीआरएस और एआइएमआइएम के बीच एक अपवित्र गठजोड़ बन गया है। इस गठजोड़ के कारण हैदराबाद का विकास ठप है। यहां के व्यापारी और नागरिक इन लोगों से परेशान हैं। सरकार और नगर निगम में बैठे लोगों को विकास और जनता की सुविधाओं से कोई लेना-देना नहीं है।

नगर निगम चुनाव में भाजपा को प्रत्याशियों को जिताने की अपील करने के साथ उप्र के मुख्यमंत्री ने लोगों को मोदी सरकार की खास नीतियों से भी परिचित करया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 का सफाया कर हैदराबाद व तेलंगाना के लोगों को भी वहां जमीन खरीदने और वहां का नागरिक बनने का मौका दिया है। योगी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में बीते छह साल में देश ने बहुत तरक्की की है। गरीबों को मुफ्त में शौचालय दिये जा रहे हैं। तीन करोड़ लोगों को मुफ्त में घर दिए गए हैं। आठ करोड़ लोगों को मुफ्त में गैस सिलिंडर दिए गए। कोरोना के कारण लॉकडाउन में मोदी सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन दिया है। हम आप लोगों से विकास के नाम पर वोट मांगने आए हैं।

भाजपा अपने घोषणा पत्र के बूते आपके बीच मजबूती से मौजूद है। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम में अच्छा शासन तंत्र कायम करने के लिए भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने की जरूरत है।

### मिग-29 के लापता पायलट की खोज आज भी जारी, गुरुवार शाम हुआ था क्रैश

**नई दिल्ली, एएनआइ।** मिग-29 के एक ट्रेनी विमान हादसे में लापता पायलट की खोज जारी है। बता दें कि भारतीय नौसेना के एक मिग -29 के फाइटर ट्रेनर जेट के गुरुवार को अरब सागर ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में एक पायलट मिल गया था जबकि दूसरे पायलट की तलाश की जा रही है। इसके लिए वायु और सतह इकाइयों को लगा दिया गया है। नौसेना के मुताबिक इस घटना की जांच के भी आदेश दिए हैं। लापता पायलट का नाम कमांडर निशांत सिंह बताया गया है। गौरतलब है कि मिग-29 विमान देश में इससे पहले भी कई बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इसलिए इन्हें उड़ता ताबूत(फ्लाइंग कॉफिन) भी कहा जाता है। पिछले एक साल में देश में कई मिग-29 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। तो आइए नजर डालते हैं ऐसी ही कुछ दुर्घटनाओं पर 8 मई 2020 को पंजाब के नवांशहर में वायु सेना का लड़ाकू विमान मिग-29 तकनीकी गड़बड़ी के कारण क्रैश हो गया। पायलट ने कूदकर अपनी जान बचाई। इस दुर्घटना में विमान का पायलट पैराशूट के जरिये कूद गया।

### अवैध कोयला व्यापार के खिलाफ CBI की बड़ी कार्रवाई, बंगाल समेत चार राज्यों में छापेमारी

**नई दिल्ली, एएनआइ / पीटीआइ।** केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध कोयला व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल समेत चार राज्यों में 45 स्थानों पर छापेमारी की है। एजेंसी ने यह कार्रवाई एक कोयला माफिया अनूप मांझी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद की है। मामले में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, रेलवे और सीआइएसएफ के अधिकारियों के खिलाफ भी केस दर्ज किए गए हैं। जानकारी के अनुसार ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के दो जनरल मैनेजर और तीन सुरक्षाकर्मी उसके साथ मिले हुए थे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। बंगाल के अलावा झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में छापेमारी हुई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने आरोपित अनूप मांझी और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ शुक्रवार को मामला दर्ज किया था। इसमें इसीएल, रेलवे और सीआइएसएफ के कुछ कर्मचारी शामिल थे। आरोप के अनुसार कि मांझी उर्फ लाला कथित तौर पर कुनुस्तोरिया और कजोरा इलाके में इसीएल की लीजहोल्ड खदानों से अवैध खनन और कोयले की चोरी में शामिल है।

## न मास्क न शारीरिक दूरी, कहीं पड़ न जाए भारी

**टीकरी बॉर्डर पर सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर हजारों की संख्या में पंजाब से आए किसान और राजधानी में कोरोना संक्रमण। ये तीन चीजें ऐसी हैं जो किसानों की मांगों के इतर हर किसी को सोचने पर मजबूर कर रहा है कि कहीं यह लापरवाही भारी न पड़ जाए।**



भगवान झा, पश्चिमी दिल्ली। टीकरी बॉर्डर पर सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर, हजारों की संख्या में पंजाब से आए किसान और राजधानी में कोरोना संक्रमण। ये तीन चीजें ऐसी हैं जो किसानों की मांगों के इतर हर किसी को सोचने पर मजबूर कर रहा है कि कहीं यह लापरवाही भारी न पड़ जाए। एक तरफ दिल्ली में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सरकार एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए है। हर तरफ जागरूकता के साथ-साथ सख्ती भी दिखाई दे रही है। कोरोना जांच की संख्या भी बढ़ा दी गई है, लेकिन जब टीकरी बॉर्डर का नजारा देखते हैं तो अभी के समय के हिसाब से विस्फोटक कहें तो वह कमतर नहीं होगा। टीकरी बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों के बीच रत्ती भर की शारीरिक दूरी नहीं है। किसी के चेहरे पर मास्क दिखाई नहीं देता है। इसी रास्ते से बहादुरगढ़ से दिल्ली व दिल्ली से बहादुरगढ़ जाने वाले लोग पैदल गुजर रहे हैं। बीच-बीच में रुककर किसानों से बात भी कर रहे हैं। ऐसे में यहां पर अगर अभी एहतियात नहीं बरता गया तो आनेवाले समय में इसका दुष्परिणाम देखने को मिल सकता है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां पर पूरे दिन नारेबाजी चलती रहती है। कोरोना को लेकर किसी प्रकार का भय नहीं दिखाई देता है। सड़क किनारे स्थित दुकानों से किसान खरीदारी भी करते हैं, लेकिन कोई मास्क नहीं पहनते हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि जिस प्रकार राजधानी के अन्य हिस्सों में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे हैं वही प्रयास इन किसानों के बीच भी किए जाएं, जिससे कि कोरोना संक्रमण फैलने का खतरा नहीं रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि किसानों की मांगें अपनी जगह है।

वह सरकार से अपनी मांग कर सकते हैं, लेकिन कोरोना को लेकर लापरवाही तो बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। किसानों की बातों को सुनने के लिए कई स्थानीय लोग भी इनके बीच पहुंच जा रहे हैं। ऐसे में कम से कम इतनी व्यवस्था जरूर की जाए कि विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान स्वास्थ्य विभाग के निदेशों का पालन करें और दिल्ली सरकार कोरोना की रोकथाम के लिए जो प्रयास कर रही है उसमें साथ दें।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### इंटरकॉलेजेज जेस्ट फेस्ट के ग्रैंड फिनाले में सम्मानित हुए प्रतिभागी बच्चे

**प्रयागराज।** यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस में शनिवार को इंटरकॉलेजेज फेस्ट जेस्ट- २०१९-२० के ग्रैंड फिनाले का जश्न मनाया गया। इस मौके पर आयोजित प्रतियोगिता के अभिज्ञान में मोहम्मद कैफ अंसारी, परिचर्चा में श्रेयस्कर मिश्रा और अभिव्यक्ति में आदर्श सिंह अव्वल रहे। विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के चलते बच्चों में काफी उत्साह भी बना रहा। कोरोना काल की गाइड लाइन का पालन भी किया गया ताकि संक्रमण का कोई खतरा नहीं रहे। इस कार्यक्रम में 42 स्कूल के विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया था। पिछले कई महीने से चल रहे कार्यक्रम में विजेताओं की घोषणा की गई। प्रतिभागियों का शनिवार को सम्मान किया गया। अभिज्ञान में मोहम्मद कैफ अंसारी (सेंटजोन को-एड) को प्रथम, हर्षित पांडे (महर्षि विद्या मंदिर) को द्वितीय और मानस रंजन (बिशप जॉनसन स्कूल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परिचर्चा में श्रेयस्कर मिश्रा (केवी ओल्ड कैंट) ने पहला, अंजली पांडेय ( केवी आईआईटी झलवा) ने दूसरा और स्नेहा पांडे (न्याय नागर पब्लिक स्कूल) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# पुआल संग किसान को जिंदा जलाकर हत्या

**पुआल संग किसान को जिंदा जला दिया गया सोरांव क्षेत्र में हुई वारदात**



मौके पर जुटी लोगों की भीड़

**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र के तेजूपुर गांव में 50 वर्षीय किसान को जिंदा जलाकर मारने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। घरवालों ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। वारदात के पीछे जमीन का विवाद बताया जा रहा है। हत्या की वारदात को शुक्रवार की रात अंजाम दिया गया।

तेजूपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र शर्मा खेती करते थे। गांव में ही उसे पट्टे की जमीन मिली थी। उसी जमीन पर पुआल रखा हुआ था। वहीं पर हरिश्चंद्र शुक्रवार रात सो रहा था। इसी दौरान पुआल में आग लग गई। आग की चपेट में आने से हरिश्चंद्र की जलकर मौत हो गई। शनिवार सुबह परिवार वाले और कुछ ग्रामीण वहां पहुंचे तो जला हुआ पुआल देखकर परेशान हो गए। उनकी नजर लाश पर पड़ी तो हतप्रभ रह गए। स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाया तो खलबली मच गई। सूचना मिलते ही सीओ, इंस्पेक्टर समेत कई थाने की फोर्स मौके पर पहुंच गई। नाराज लोगों को किसी तरह समझाते हुए शव को कब्जे में पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया गया। स्वजनों ने आरोप लगाया कि पट्टे की जमीन को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। वह लोग जमीन पर कब्जा करना चाहते थे, जिसका विरोध हो रहा था। इसी के चलते हरिश्चंद्र को जिंदा जलाकर मार डाला गया। सीओ सोरांव अमिता सिंह का कहना है कि घरवालों ने गांव के आजाद, रमेश समेत चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। दो युवकों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। घटना के पीछे जमीन का विवाद बताया गया है, जिसकी जांच चल रही है।

# कर्ज से परेशान दुकानदार ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज।** शहर के शाहगंज मोहल्ले में कर्ज से परेशान होकर 22 वर्षीय दुकानदार इरशाद उल्ला ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह लोगों ने इरशाद को फांसी के फंदे पर लटकते देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर शाहगंज पुलिस पहुंची।

शाहगंज थाना क्षेत्र के शाहगंज मुहल्ले में इरशाद उल्ला पुत्र स्व. नौशाद उल्ला रहता था। मुहल्ले में ही उसकी छोटी सी कपड़े की दुकान थी। एक साल पहले अंजुम से उसका निकाह हुआ था और अभी कोई औलाद नहीं है। शुक्रवार रात इरशाद परिवार के साथ खाना खाने के बाद सोने के लिए अपने कमरे में चला गया। शनिवार सुबह जब वह नहीं उठा तो पत्नी अंजुम ने दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब न मिलने पर अनहोनी की की आशंका हुई। भाई ने रोशनदान से देखा तो इरशाद दुपट्टे के फंदे में पंखे के चुल्ले से लटक रहा था। इससे घरवालों के पैरों तले जमीन खिसक गई। सूचना पाकर शाहगंज पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला गया।

कमरे की छानबीन की गई, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पोस्टमार्टम पर मौजूद साढ़ू सफदर ने बताया कि इरशाद लॉकडाउन के बाद से ही काफी परेशान था। दुकान से कमाई नहीं हो रही थी, जिसके चलते वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। वहीं, इंस्पेक्टर शाहगंज जयचंद्र शर्मा का कहना है कि इरशाद उल्ला कई लोगों से कर्ज ले रखा था। उसकी पत्नी और भाई ने भी कर्ज के कारण पिछले कुछ दिनों से परेशान होने की बात बताई है। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उधर, इरशाद की मौत से पत्नी व स्वजन रोते-बिलखते रहे।

# दुकान बंद करके घर नही पहुंचा कपड़ा व्यापारी, परिजनों ने अपरहण का मामला दर्ज कराया


**सिरसा।** थाना मेजा क्षेत्र पुलिस चौकी मेजारोड में कपड़े की दुकान बंद करके घर जा रहा व्यापारी घर नहीं पहुंचने से परिजनों ने अपहरण का मामला दर्ज कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय कुमार केसरी (42) पुत्र जोखू लाल केसरी निवासी कपसहाई, नगरपंचायत सिरसा बाजार, मेजारोड बाजार में विजय वस्त्रालय के नाम से दुकान खोल रखी है। जो काफी वर्षो से दुकान चल रही थी।रोज की तरह वह शुक्रवार शाम साढ़े आठ बजे दुकान बंद करके साइकिल से घर की ओर निकला था।लेकिन विजय कुमार केशरी घर नही पहुंचा। काफी देर होने पर परिजनों ने मकान मालिक से सम्पर्क कर जानकारी ली तो पता चला वह तो कब की दुकान बंद कर घर चला गया है। परेशान और हताश परिजन मेजारोड दुकान पर पहुंचे तो दुकान का ताला बंद मिला। विजय की तलाश शुरू किया तो सिरसा मार्ग स्थित अमृत कलश हास्पिटल के पास सड़क के किनारे उनकी साइकिल व चश्मा पाया गया। अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने मेजा थाने में अपहरण का मामला पंजीकृत कराकर पुलिस से विजय के सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। परिजन अनहोनी की आशंका को लेकर हताश और परेशान हैं। एक दिसंबर को घर में बारात आनी है। घटना को लेकर बाजार में तरह-तरह की चचाएं भी चल रही है। इस घटना से व्यपारियों में भय और डर की स्थित बनी है। व्यपारियो का कहना है कि बीजेपी के सरकार में व्यपारी सुरक्षित नही है। समूचे मेजा क्षेत्र में अपराधियो का बोलबाला हैं। पुलिस थाना और पुलिस चौकी पर अपराधियो और दलालों के अड्डा बन गया है। भक्त भोगी को न्याय मिलने के बजाय पुलिस उन्हें ही अपराधी घोषित करने में कोई कोर कसर नही छोड़ती है। आम आदमी हो या व्यपारी हो किसी को कोई सुरक्षा बीजेपी सरकार में मिलना संम्भ नही है। इस घटना से मेजा क्षेत्रवासियों में तरह-तरह की चर्चा बना है।

### हत्या की घटना का खुलासा नही कर सकी पुलिस, 15 दिनों से हो रही पूछताछ

**करछना।** क्षेत्र के केचुहा गांव में बीते दीपावली की रात घर से पिता को खाना पहुंचाने पंपिग सेट पर गये एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी।मृतक के चाचा द्धारा करछना थाने में गांव के ही दो लोगों पर आशंका व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।जिसके बाद से 15 दिनो से पुलिस घटना मे दर्जनो लोगो से पूछताछ कर रही है लेकिन अभी तक कोई खुलासा नही कर पाई है। गांव निवासी मुकेश कुमार पटेल 20 पुत्र कृष्ण मटुक पटेल की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई थी।घटना के सप्ताहभर के बाद भी अभी तक जहां एक ओर परिजन रिस्तेदार और गांव में मायूसी छाई है वही पुलिस द्धारा कोई खुलासा न होने से परिजन और भी मायूस हो रहे है।हत्या की घटना को लेकर गांव में लोगों में कोई आपसी लेनदेन या फिर आशानाई जैसी अटकले लगाई जा रही है।उधर दो नामजदों के अलावा आशंका के आधार पर पुलिस ने एक महिला समेत दर्जनभर लोगों से पूछताछ किया।

# अधूरी सड़क पर चलना दूभर

**हनुमानगंज।** ब्लाक बहादुरपुर के टोडरपुर गांव के सम्पर्क मार्ग पर डामली करण कराया जा रहा है। जिसका कार्य पिछले 27 जून 2020 से कराया जा रहा है। जिसपर पिछले चार मांह से बुलडोजर डाल कर छोड़ दिया गया है जिससे राहगीरों के आवागमन में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि उक्त टोडरपुर संपर्क मार्ग की लंबाई 1.10 कि0मी0 है जिसकी लागत 54.54 लाख है जिसका कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। उक्त सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद द्वारा 27 जून 2020 को किया गया था । जिसका कार्य अभी तक पूरा नहीं कराया गया है। जिससे उक्त रोडपर वाहन तो क्या पैदल भी चल पाना मुश्किल है। लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। टोडरपुर गांव नि, बरमदीन यादव, लालता, रमेश, विश्वकर्मा, राम अभिलाष प्रजापति, भोला, सहित तमाम लोगों का कहना है कि यदि विभाग को उक्त सड़क का कार्य पुरा नही करना था तो इसकी शुरूआत क्यों कराई।



आधी अधूरी बनी सड़क का दृश्य




उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद द्वारा 27 जून 2020 को किया गया था शिलान्यास

### प्रयागराज के संगम तट पर भूख को मात देने का सहारा बने दाल भात वाले भैयाजी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में दान-पुण्य का सिलसिला सदियों से चला आ रहा है। महाराजा हर्षवर्धन की दानवीरता की कहानी सबने सुनी और पढ़ी है। यहां माघ मेला और कुंभ में भंडारा तथा लंगर के साथ ही कई अन्न क्षेत्र चलते हैं। लाखों की तादाद में श्रद्धालु यहां भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं। माघ मेला और कुंभ के अलावा पतित पावनी गंगा, श्यामल यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम तट पर अब बेसहारा लोगों की भूख मिटाने के लिए भैयाजी का दाल-भात का अनूठा कार्यक्रम चलता है। मानव सेवा-माधव सेवा के इस आयोजन के दो वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। दो साल पहले 30 नवंबर 2018 से इस भोज का श्रीगणेश हुआ था। संगम के पास बड़े हनुमान जी मंदिर के सामने ही यह आयोजन रोज दोपहर में होता है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि कोई भी भूखा न रहे। सभी को इस कार्यक्रम के तहत रोज दोपहर में भोजन प्रसाद का वितरण कराया जाता है। इसके आयोजक गुड्डू मिश्र बताते हैं कि संगमनगरी में कोई भी जरूरतमंद और बेसहारा भूखा न रह जाए, इस उद्देश्य से भूख मुक्त समाज की परिकल्पना के साथ अन्न क्षेत्र भैयाजी का दाल-भात कार्यक्रम शुरू कराया गया है।



पुलिस को तहरीर देने पहुंचे परिजन

### उचक्कों ने छीना महिला का मंगलसूत्र

**फूलपुर।** बस पर बैठाने के बहाने उचक्के महिला का मंगलसूत्र व अन्य गहने छीन कर भाग गए। भुक्तभोगी महिला ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंच कर अपनी आपबीती पुलिस को बताई। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के सराय अब्दुल मलिक गांव निवासी सरस्वती देवी 50 पत्नी जयकरन शनिवार को जौनपुर जा रही थी। अभी वह फूलपुर कोतवाली के पास पहुंची ही थी कि एक उचक्के ने उसे बस पर बैठाने की बात कहकर बाबूपुर रोड की तरफ लिवा गया। महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि उच्चके ने उसका मंगलसूत्र व अन्य जेवर छीन कर भाग गया। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आस पास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से उचक्कों की पहचान करने की कोशिश की। महिला ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की।

# पैदल जा रहे बुजुर्ग को बोलेरो ने मारी टक्कर, मौत



घटना स्थल पर जुटी भीड़

**फूलपुर।** पैदल घर जा रहे वृद्ध को तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिर पड़े। वहीं बोलोरो उन्हें रौंदते हुए निकल गई। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के मुबारकपुर निवासी बाबादीन पटेल (60) शनिवार को पैदल ही घर की तरफ जा रहे थे तभी पीछे से आ रही बोलोरो उन्हें रौंदते हुए चली गई जिससे मौके पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कोतवाली उठा लाई। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### पुलिस द्वारा अधिवक्ता से अभ्रदता, आक्रोश

**करछना।** क्षेत्र के सोनाई गांव के अधिवक्ता सुरेश मौर्या के घर के शुक्रवार रात अचानक करछना पुलिस घर पहुची और अधिवक्ता को बिना कुछ बताये और बिना कपडा पहने ही थाने उठा लाई और घटो थाने मे बैठाये रखा जब कुछ अधिवक्ताओ ने फोन पर अधिवक्ता को छुडाने का प्रयास किया तो रात मे उसे छोडा गया शनिवार को बार एशोसिएसन के अध्यक्ष चिन्तामणि शुक्ल को उक्त अधिव्कता ने घटना की जानकारी दी। जिसपर दर्जनो अधिवक्ता गहरी नाराजगी जताते हुए एसआई मोज्मिल हुसैन के खिलाफ कार्यवाही की मांग की इसी प्रकार बीरपुर गांव मे सप्ताहभर पूर्व रास्ते के विवाद मे अधिवक्ता के परिजनो के साथ हुई मारपीट के मामले मे पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से नाराज अधिवक्ताओ ने गिरफ्तारी की मांग की। जिसको लेकर अधिवक्ताओ ने उपजिलाधिकारी को उक्त प्रकरण मे कार्यवाही किए जाने को लेकर ज्ञापन भी दिया गया। इस मौके पर बार के पदाधिकारी और कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# वर पक्ष सगाई में दो लाख लेकर शादी से किया इंकार, वधू पक्ष ने दी थाने में तहरीर

**मऊआइमा।** शादी का निमंत्रण पत्र वितरित हो चुका और शादी की पूरी तैयारी हो जाने के बाद वर पक्ष ने शादी से इंकार कर दिया। घर जा कर कारण पूछने पर भगा दिया गया। कन्या पक्ष ने वर पक्ष के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है।


प्राप्त जानकारी के अनुसार सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर उमरी निवासी दिलीप कुमार पुत्र स्वर्गीय अरविन्द कुमार का कहना है कि उसने अपनी बहन की शादी मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकश्याम उर्फ पूरे हिंचा निवासी सुरेन्द्र कुमार पुत्र रामसजीवन के साथ 6 दिसम्बर को तिलक तथा 10 दिसम्बर को बारात लाने का कार्यक्रम तय किया था। जबकि सगाई में पहले ही दो लाख वर पक्ष ले चुके थे । दिलीप कुमार का आरोप है कि अचानक 27 नवम्बर को वर पक्ष ने फोन कर-के बताया कि वह न तिलक आएंगे न ही बारात ही लेकर आएगें। जबकि वधू पक्ष का निमंत्रण पत्र वितरण कर चुका है। दिलीप कुमार का आरोप है कि शनिवार को वह अन्य लोगों के साथ वर के घर चकश्याम उर्फ पूरे हिंचा पहुंचा तथा शादी न करने का कारण पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया । जब सुरेन्द्र और उसके पिता राम सजीन से सगाई में दिए गए दो लाख रुपये की मांग की गई तो कहा गया कि वह कुछ भी नहीं देगें और गालियाँ देकर भगा दिया गया। तब दिलीप कुमार ने मऊआइमा थाने में लिखित शिकायती पत्र दिया । पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है।

# खांई शिक्षक संकुल की बैठक प्राथमिक विद्यालय अंतहिया में हुई संपन्न

**करछना।** ब्लॉक करछना के खांई शिक्षक संकुल की एक आवश्यक बैठक प्राथमिक विद्यालय अंतहिया में एआरपी पुष्पेंद्र कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में हुई । जिसमें खांई शिक्षक संकुल के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय के गणित शिक्षक लोग उपस्थित रहे। और बैठक में सभी शिक्षकों ने टी एल एम के माध्यम से मिशन प्रेरणा को सफल बनाने हेतु अपनी ओर से प्रस्तुतीकरण किया। बैठक का संचालन कर रहे प्राथमिक विद्यालय अंतहिया के गणित शिक्षक व संकुल लव कुश पांडेय ने लोगों को बताया कि करछना ब्लॉक को प्रेरक ब्लॉक कैसे बनाया जाय । इस पर उन्होंने बिंदुवार चर्चा की। जिसमें उन्होंने बताया कि तीनों मॉडल के आधार शिला ध्यानाकर्षण एवं शिक्षण संग्रह का अध्ययन ई पाठशाला फेज दो का संचालन व्हाट्सएप दूरदर्शन रेडियो दीक्षा ऐप वर्कशीट आदि से करना । शिक्षक योजना का निर्माण प्रत्येक शिक्षक की ओर से कराना । प्रेरणा लक्ष्य प्रेरणा सूची व प्रेरणा तालिका की समझ विकसित कराना। रीड एलांग ऐप का प्रत्येक अभिभावक से साझा करना । मोबाइल पार्टनर कोड के साथ डाउनलोड और रजिस्टर करना । सेट दो का विश्लेषण करके अभिभावकों से साझा करना । वर्कशीट का निर्माण अभिभावको के द्वारा बच्चों को प्रेरणा संग्रह करना । उसके बाद मूल्यांकन करके फीड बैंक अभिभावकों से साझा करना। आदि पर उन्होंने बताया। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षक संकुल एवं गणित शिक्षकों को शिक्षण सहायक सामग्री की स्टेशनरी भी वितरित की गई । बैठक में सुनीता वर्मा अर्चना तिवारी राजेश विश्वकर्मा सुजीत कुमार पांडेय डॉ इशरत परवीन संजय कुमार गुंजन आशा श्रीवास्तव कविता तिवारी मधुपाल अंजनी कुमार मिश्र अशोक कुमार तिवारी आदि शिक्षक लोग मौजूद रहे।

# जसरा में देर शाम क्रॉसिंग पर लगा भीषण जाम, सैकड़ों वाहन फंसे

**जसरा।** जसरा के रेलवे फाटक पर शाम को ट्रेनों के आवागमन के साथ क्रॉसिंग बंद होने से लगभग 4 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिसमें सैकड़ों वाहन फंस गए शनिवार की शाम लगभग 6:00 बजे जसरा रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेनों का आवागमन के साथ क्रॉसिंग बंद हो जाया करती थी जिसके चलते क्रॉसिंग के दोनों और 4 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिसमें वाहनों में हजारों यात्री फंस गए लोगों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जमुनापार विभव नाथ भारती के कमिश्नर से अनुरोध के बाद भी शाम को पुलिस की कोई व्यवस्था नहीं दिखाई पड़ी। क्रॉसिंग बंद होने के बाद दोनों ओर वाहनों की बेतरतीब ढंग से खड़े होने से लंबा जाम लगा रहा। वही जाम में फस कर हजारों की संख्या में यात्री हलकान होते रहे ।



भीषण जाम में फंसे वाहन

अखण्ड भारत सन्देश



# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज रविवार, 29 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### बेटी है तो कल है : श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी

**करमा ।** बेटियों कों उचित शिक्षा एवम संस्कार देनें की जरूरत हैं क्योंकि इन्ही बेटियाँ के कन्धों पर आगे चलकर परिवार, समाज एवम राष्ट्र का संपूर्ण दारोमदार होता हैं उक्त बातें बारा तहसील के जारी हल्के की राजस्व निरीक्षक श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी नें शनिवार कों मिशन शक्ति के तहत छात्राओं कों संबोधित करतें हुए व्यक्त की आगे उन्होने यह भी कहा कि वर्तमान समय बेशक राष्ट्र में विभिन्न क्षेत्रों में बेतहासा प्रगति हुई हैं किन्तु महिलाओं के प्रति आज भी देश के विभिन्न हिस्सों में दोयम दर्जे का व्यवहार कायम हैं जो निकट भविष्य में विभिन्न प्रकार की समस्याओं कों जन्म देती हैं इसलिए समाज के सभी लोगों का नैतिक दायित्व हैं कि दो जून में एक जून का भोजन भले ही मयस्सर न हों किन्तु बेटियों कों शिक्षा अवश्य प्रदान करें अपने संबोधन में अंत में श्रीमती द्विवेदी नें 21बालिकाओं कों मास्क, सेनीटाइजर समेत साबुन आदि वितरण के साथ नारी सुरक्षा एवम अधिकार से संबन्धित विभिन्न जानकारियां भी साझा की बताया जाता हैं कि श्रीमती द्विवेदी बहुत ही उदार व्यक्तित्व वाली व्यक्तियों में से एक हैं अक्सर विभिन्न त्यौहारों एवम प्रमुख पर्वों पर गरीबों में फल, वस्त्र एवम मिष्ठान आदि का वितरण करती हैं ।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में एमएनएनआईटी के मल्टीपरपज हॉल में इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन-2020 के चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनावी ड्यूटी में लगाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों का आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है।

जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव में लगाये गये सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर 100 मीटर के अंदर किसी भी असलहाधारी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। चुनाव प्रक्रियां को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ सम्पन्न कराना हम सब की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने कहा कि अपरान्ह 12:00 बजे तक मतदान कर्मियों को उनके मतदान केन्द्रों के लिए रवाना कर दिया जायेगा। मतदान कर्मियों के रहने-खाने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये है। उन्होंने कहा है कि मतदान को निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में फोर्स की तैनाती की गयी है। बैलेट बाक्स को जमा करने के लिए पर्याप्त संख्या में काउंटर की व्यवस्था करने के लिए जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बैलेट बाक्स की वापसी के समय पर भी फोर्स के लोग साथ रहेंगे। उन्होंने चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये है। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों द्वारा भरी जाने वाली डायरी को पीठासीन अधिकारियों को स्वंय भरने के निर्देश देते हुए कहा कि डायरी में सभी तथ्यों का उल्लेख हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्व कार्यो में शिथिलता कत्तई बर्दाश्त नही की जायेगी, जो भी अधिकारी/कर्मचारी इसमें अनुपस्थित पाये जायेंगे, उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ विभागीय कार्यवाही करने तथा वेतन काटने के साथ उनके सर्विस बुक मे अंकित कराकर एक प्रति निर्वाचन आयोग को भेजी जायेगी।





आवश्यक दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी व उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी

### कोरोना को लेकर डाकघरों में नहीं दिखी सतर्कता

**प्रयागराज।** कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए अलर्ट जारी है, लेकिन डाकघरों में इसको लेकर उदासीनता बरती जा रही है। लोगों की भीड़ डाकघरों में दिनभर जमा हो रही है। न सेनिटाइजर का प्रयोग हो रहा है, न सोशल डिस्टेंसिंग का कोई पालन नहीं हो रहा है। कचहरी और प्रधान डाकघर में सैकड़ों की संख्या में लोगों का आवागमन जारी है। डाक विभाग के अधिकारी भी शासन के निदेर्शों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

## मनोरंजन से सम्बन्धित सेवाओं को प्राप्त करने हेतु निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से विभागीय एप्लीकेशन पर करना होगा आवेदन

**प्रयागराज।** प्र0 सहायक आयुक्त, वाणिज्य कर अरविंद वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि विभाग द्वारा जनहित गारण्टी अधिनियम-2011 के अन्तर्गत प्रदान की जा रही मनोरंजन से सम्बन्धित सेवाओं को ऑनलाइन प्रदान करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि विभाग में जिन सेवाओं को ऑनलाइन प्रदान करने की व्यवस्था पूर्ण रूप से स्थापित एवं संचालित हो चुकी हैं, उन सेवाओं में ऑफलाइन व्यवस्था समाप्त की जा रही है तथा मेंम वर्ि कवपदह इनेपदमे के अन्तर्गत, मनोरंजन से सम्बन्धित सेवाओं को प्राप्त करने हेतु आवेदक को निवेष मित्र पोर्टल के माध्यम से विभागीय एप्लीकेशन पर आवेदन करना होगा।

जनहित गारण्टी अधिनियम-2011 के अन्तर्गत विभाग द्वारा मनोरंजन से सम्बन्धित एकल सिनेमा, मल्टीप्लेक्स, सचल सिनेमा/विशेष चलचित्र प्रदर्शन, वीडियो सिनेमा, सचल वीडियो सिनेमा, स्थानीय चैनल और वीडियो लाइब्रेरी हेतु नवीन लाइसेंस, एकल सिनेमा, मल्टीप्लेक्स, सचल सिनेमा/विशेष चलचित्र प्रदर्शन, वीडियो सिनेमा, सचल वीडियो सिनेमा, स्थानीय चैनल और वीडियो लाइब्रेरी हेतु लाइसेंस का नवीनीकरण, चलचित्र/डिजिटल प्रोजेक्शन सिस्टम के लिए आपरेटर परमिट, विभिन्न मनोरंजन के लिए अनुमति (लाइसेंस्ड मनोरंजन, केबिल और डी.टी.एच. को छोड़ कर यथा मनोरंजन पार्क/वाटर पार्क, कैबरे या फ्लोर शो, झूला, वीडिया गेम्स, कौशल के खेल, मिमिकरी, कार्निवाल, पपेट शो, अशास्त्रीय संगीत, घुड़दौड, पूल गेम, बॉलिंग येले, बिलियर्ड्स, स्नूकर तथा उक्त सूची के अतिरिक्त अन्य मनोरंजन) सेवाऐं प्राप्त करने के लिए विभागीय वेब पोर्टल पर सीधे अथवा निवेष मित्र पोर्टल के माध्यम से विभागीय एप्लीकेशन पर आवेदन करना होगा।

समस्त मनोरंजन आमोद के स्वामी/लाइसेंसी/संचालकों एवं जन सामान्य को सूचित करते हुए निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त मदों से सम्बन्धित प्राप्त की जाने वाली अनुमति/लाइसेंस/लाइसेंस के नवीनीकरण के सम्बन्धित समस्त आवेदन/प्रार्थना-पत्र/ दस्तावेज उपरोक्त विभागीय वेब पोर्टल पर सीधे अथवा निवेष मित्र पोर्टल के माध्यम से विभागीय एप्लीकेशन पर आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे।

## उत्तर मध्य रेलवे, नवाचारों को लागू करने में भारतीय रेल की अग्रणी क्षेत्रीय रेल

**उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल द्वारा विकसित DUET (ट्रेनों के अंडरगियर परीक्षण के लिए ड्रॉयड ) को 13 वें क्यूसीआई-डीएल शाह क्वालिटी अवार्ड में रजत पुरस्कार मिला**

**प्रयागराज।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तत्वावधान में क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 13 वीं क्यूसीआई-डीएल शाह क्वालिटी अवार्ड मूल्यांकन प्रक्रिया में उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल को 'DUET- ट्रेनों के अंडरगियर परीक्षण के लिए ड्रॉयड' के विकास के लिए रजत पदक प्राप्त हुआ है। प्रतिष्ठित क्यूसीआई-डीएल शाह गुणवत्ता पुरस्कार प्रतिभागी संगठनों / व्यक्तियों को उनके द्वारा लागू विशिष्ट परियोजनाओं के लिए दिया जाता है।





इस अखिल भारतीय पुरस्कार को संगठन / व्यक्ति (सरकार, सार्वजनिक उपक्रम, प्राइवेट सेक्टर, विनिर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सेवाओं आदि सम्मिलित होते हैं) की सफल परियोजनाओं जिनके परिणामस्वरूप प्रक्रियाओं, उत्पादों / सेवाओं में निरंतर सुधार होता है, उनके लिए मान्यता और प्रोत्साहन के रूप में दिया जाता है। इस पुरस्कार के लिए पूरी मूल्यांकन प्रक्रिया में कड़ी स्क्रीनिंग होती है, जिसे अंतिम पुरस्कार दिए जाने से पहले पांच चरणों में किया जाता है।

आगरा डिवीजन के मैकेनिकल (कैरेज एवं वैगन) विभाग द्वारा सुरक्षित वाई-फाई नेटवर्क के माध्यम से रिमोट ऑपरेटर द्वारा रियल टाइम अधार पर उच्च गति एक्शन कैमरे का प्रयोग कर उच्च रिजॉल्यूशन वीडियो फुटेज को रिकॉर्ड करने और भेजने में सक्षम "DUET- ट्रेनों के अंडरगियर परीक्षण के लिए ड्रॉयडह्व, को विकसित किया गया है। 4-व्हील ड्राइव और रिमोट मैनूवरिंग क्षमताएं इसे प्लेटफॉर्म लाइनों, पिट लाइनों, यार्ड लाइनों आदि पर अंडरगियर की संरक्षा संबंधित परीक्षण के लिए उपयुक्त बनाती हैं। आगरा मंडल द्वारा विकसित यह उपकरण ट्रेनों के अंडरगियर परीक्षण के लिए उपलब्ध सीमित स्थान में ही कार्य कर पाने की क्षमता के कारण डिब्बों, वैगनों आदि के अंडर गियर भागों की दृश्य परीक्षा के माध्यम से अनुरक्षण मे सहायक होगा। आगरा मंडल ने इस अभिनव विकास के पेटेंट के लिए भी आवेदन किया है और उत्तर मध्य रेलवे में इसके माध्यम से ट्रेनों के अंडरगियर परीक्षण को आगे बढ़ाया जाएगा।

उत्तर मध्य रेलवे, रेल संचालन और अनुरक्षण में नवीन विचारों को लागू करने में भारतीय रेल की अग्रणी क्षेत्रीय रेल है। जुलाई -2020 में, रेलवे बोर्ड ने सभी क्षेत्रीय रेलों, उत्पादन इकाईयों आदि से प्राप्त 2645 प्रविष्टियों में से 20 सर्वश्रेष्ठ नवाचारों का चयन किया था। भारतीय रेलवे में व्यापक प्रसार और कार्यान्वयन के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा चयनित कुल 20 सर्वश्रेष्ठ नवाचारों में से 08 नवाचारों के चयन के साथ उत्तर मध्य रेलवे इस सूची में सबसे ऊपर है।

महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे राजीव चौधरी, के नेतृत्व, प्रमुख विभागाध्यक्षों के तकनीकी मार्गदर्शन और मंडल रेल प्रबंधकों सहित मुख्यालय और मंडलों के अन्य अधिकारियों के सक्रिय समर्थन और रेल कर्मियों के कर्तव्यनिष्ठ प्रयासों से ही यह उपलब्धियां हासिल हुई हैं।

## मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह ने ससुर की अस्थियां संगम में विसर्जित की

**प्रयागराज।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। वह अपने ससुर घनशयाम दास मसानी की अस्थियां लेकर आए हैं। एमपी के सीएम के साथ उनकी पत्नी भी मौजूद रहीं। वह प्रयागराज के गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में स्वजनों संग विधि विधान से अपने ससुर घनश्याम दास मसानी की अस्थियों को संगम में विसर्जित किया।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के ससुर घनश्याम दास मसानी का 19 नवंबर को निधन हो गया था। वह 88 वर्ष के थे। ससुर के अस्थि कलश को लेकर सीएम शिवराज शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। उनके साथ पत्नी व अन्य स्वजन भी रहे। वह यहां चार्टर्ड प्लेन से एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनकी अगवानी कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्त नंदी व भाजपा महानागर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने किया। एयरपोर्ट से संगम में अस्थियों के विसर्जन के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का काफिला रवाना हो गया। संगम में विधि-विधान से पूजन के बाद घनश्याम दास मसानी की अस्थियों को संगम में विसर्जित किया जाएगा। बता दें कि मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान के ससुर घनश्याम दास मसानी संघ के सक्रिय स्वयंसेवक भी रहे हैं।



संगम में ससुर की अस्थियां विसर्जित करती म0प्र0 के सीएम शिवराज सिंह

### प्रयागराज के मंदिरों का भी हो विकास : महंत नरेंद्र गिरि

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने प्रयागराज के मंदिरों के विकास की मांग प्रदेश सरकार से की है। परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि ने योगी सरकार को श्रृंग्वेरपुर धाम के विकास के लिए बजट देने पर धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि यहां पर तमाम स्थल ऐसे हैं जहां भगवान राम गए थे। इन स्थलों का विकास भी प्रदेश सरकार कराए। दूसरे प्रमुख स्थलों का भी विकास हो जिनमें बड़े हनुमान मंदिर, दुवार्सा आश्रम, भरद्वाज आश्रम, वाल्मीकि आश्रम, द्वादश माधव शामिल हैं। इन स्थलों का विकास कर इसका प्रचार प्रसार करना चाहिए। महंत नरेंद्र गिरि ने मांग रखी है कि कुम्भ मेले के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से शुरू हुई पंचकोसी परिक्रमा को आगे भी जारी रखा जाए, इसके लिए पर्याप्त बंदोबस्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राम वनगमन पथ निर्माण होने के बाद अयोध्या और चित्रकूट की दूरी कम हो जाएगी।

### एक दिसंबर से शुरू हो जाएगी संस्थाओं की शार्ट लिस्टिंग

**प्रयागराज।** जनवरी में लगने वाले माघ मेले के लिए तैयारियों को तेज कर दिया गया है। एक दिसंबर से माघ मेले में संस्थाओं की शार्ट लिस्टिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा। लिस्ट तैयार होने के बाद ही मालूम चलेगा कि किसे जमीन और सुविधा इस बार दी जाएगी और किसे नहीं। कोरोना संक्रमण काल में जनवरी में लगने वाले माघ मेले में तमाम संस्थाओं को इस बार सुविधा नहीं दी जाएगी। शासन ने निर्देश दिया है कि केवल कल्पवासी और साधु संतों को ही जगह दी जाए। मेला प्रशासन हर साल लगभग ढाई हजार संस्थाओं को जमीन व सुविधा देता है। इस बार किन संस्थाओं को जमीन दी जाए और किसमें कटौती की जाए इस पर फिलहाल एक राय नहीं बन सकी है। एक दिसंबर से सभी संस्थाओं के काम और उपयोगिता देखी जाएगी। इसके बाद जरूरी संस्थाओं का ही चयन किया जाएगा। अफसरों का कहना है कि इस पर काम चल रहा है। फिलहाल दूसरे काम हो रहे हैं।

## जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन आज

**जनपद स्तर के विजेता कलाकारों द्वारा मण्डल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में किया जाएगा प्रतिभाग**

**प्रयागराज।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी श्री दिनेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि दिनांक 29 नवम्बर, 2020 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक विकास भवन स्थित सरस केन्द्र में 01 दिवसीय जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में लोकगीत, एकांकी, एकल शास्त्रीय/संगीत प्रस्तुतिकरण हिन्दुस्तानी एवं शास्त्रीय वाद्य-वादन (सितार, बांसुरी, तबला, वीणा, मृदंगम), हारमोनियम लाइट, गिटार, शास्त्रीय नृत्य (भरतनाट्यम, कत्थक) तथा एक्सटेम्पोर विद्या में जिनकी आयु 13 से 29 वर्ष के मध्य होगी, प्रतिभाग करेंगे। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में इच्छुक कलाकार प्रतिभाग करने का कष्ट करें। साथ ही कलाकारों से अनुरोध है कि वो मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन प्रत्येक दशा में करेंगे। जनपद स्तर के विजेता कलाकारों द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2020 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक विकास भवन स्थित सरस केन्द्र में आयोजित मण्डल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा।

### ट्रिपलआईटी के विकास में डॉ. कोहली का अहम योगदान

**प्रयागराज।** ट्रिपलआईटी के अधिशासी परिषद् के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण डॉ. एफसी कोहली नहीं रहे। संस्थान में आयोजित शोक सभा में निदेशक प्रो. पी नागभूषण ने शोक संवेदना जताई और कहा कि डॉ. कोहली का संस्थान के विकास में बहुत योगदान रहा है। देश में आईटी इंडस्ट्री के वह जनक माने जाते हैं।उन्होंने प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व किया और टीसीएस के पहले सीईओ भी बने। वह शानदार टेक्नोक्रेट थे। 1991 में आइबीएस को टाटा-आइबीएम के हिस्से के रूप में देश में लाने के निर्णय में सक्रिय रूप से शामिल रहे। उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। इसी क्रम में ट्रिपलआइटी के पूर्व अधिशासी परिषद् के अध्यक्ष रविकांत ने कहा कि टीसीएस की स्थापना डॉ. कोहली ने की। इससे देश को नई दिशा मिली। बताया कि डॉ. कोहली विदेश में पढ़ाई खत्म करने के बाद 1951 में स्वदेश लौटे। फिर टाटा इलेक्ट्रिक कंपनी में शामिल हो गए। सिस्टम आपरेशन को प्रबंध करने के लिए लोड डिस्पैचिंग सिस्टम स्थापित करने में भी मदद की। आगे चलकर 1970 में कंपनी के निदेशक बने।

## ऑक्टा इविवि को नहीं देगा किसी प्रकार का कागजात

**प्रयागराज।** ऑक्टा की बैठक में इविवि लीगल सेल के इंचार्ज डॉ. राजीव सिंह की ओर से एक शिक्षक के मामले में अनावश्यक कागजात मांगने की एकमत से आलोचना की गई। नए शिक्षकों के पीएचडी इंक्रीमेंट के निर्धारण के लिए प्रो. रामेंद्र सिंह द्वारा मांगे गए कागजों को अनावश्यक बताते हुए सदस्यों ने एकमत से इसका विरोध किया। कहा कि ऐसा कोई भी कागजात विश्वविद्यालय अधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

आक्टा महासचिव डॉ. उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि डीन सीडीसी प्रो. प्रशांत अग्रवाल ने आश्वासन दिया है कि इस संदर्भ में कुलपति से वार्ता हुई है और इस मुद्दे को बहुत जल्द हल कर लिया जाएगा। जिन शिक्षकों का पीएचडी इंक्रीमेंट निर्धारण नहीं हुआ है उसकी सूची मांगी जाएगी। ऑक्टा का एक प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिलकर विरोध जताएगा। ईसीसी के राजनीति शास्त्र विभाग के 4 छात्रों के पीएचडी में प्रवेश न होने के मुद्दे को भी उठाया। इस अवसर पर आक्टा पदाधिकारियों के लिए होने वाले चुनाव पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर डॉ. धीरज चौधरी, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. अरविंद मिश्र, डॉ. ज्ञान प्रकाश, डॉ. अमित पांडेय, डॉ. विमला गुप्ता, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. रंजना त्रिपाठी, डॉ. सरिता श्रीवास्तव, डॉ. प्रणय कांत, डॉ. दर्शन कुमार झा मौजूद रहे।

## बकाया भुगतान न होने से मेला कार्य हो सकता है प्रभावित

**प्रयागराज।** माघ मेला की तैयारियां जोरों से शुरू हैं, लेकिन बकाया भुगतान को लेकर सिंचाई विभाग का काम प्रभावित हो सकता है। सिंचाई विभाग के ठेकेदार बकाया भुगतान को लेकर काम ठप कर सकते हैं। ठेकेदारों ने बताया कि 2006 से लेकर 2018 के बीच में सिंचाई विभाग पर सात करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। भुगतान के लिए अधिकारियों से संपर्क किया जाता है लेकिन वह आनाकानी करते हैं। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार ने बताया कि माघ मेला के कार्यों का पिछले कई वर्षों का भुगतान ठेकेदारों का बकाया है। बजट आने के बाद उनका भुगतान कर दिया जाएगा।

# संगम तट पर भव्य दीपोत्सव मनाने की तैयारी

**प्रयागराज में शिक्षकों को मिली जिम्मेदारी**

**प्रयागराज।** काशी और अयोध्या की तरह प्रयागराज में संगम किनारे भी देव दीपावली को भव्य तरीके से मनाने की तैयारी है। इसमें परिषदीय स्कूलों के शिक्षक भी सहयोग करेंगे। इसके लिए पिछले दिनों जिलाधिकारी ने बैठक कर अफसरों को दिशा निर्देश दिए हैं। अब जिले के सभी विकासखंड के शिक्षकों को दीपक जलाने का लक्ष्य भी तय कर दिया गया है।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजय कुशवाहा ने बताया कि 30 नवंबर को देव दीपावली मनाई जाएगी। इसे लेकर डीएम भानुचंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में बैठक हो चुकी है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन को बेहतर ढंग से करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हर साल संगम के किनारे नागवासुकी मंदिर से लेकर सरस्वती घाट, किलाघाट व झूंसी की तरफ, अरैल घाट पर भी लोग देव दीपावली के उपलक्ष्य में दीपक व मोमबत्तियां जलाते हैं। खासकर संगम तट पर बड़ा आयोजन होता है।



इसमें आम जनमानस के साथ ही सरकारी तौर पर भी कुछ प्रयास किये जाते हैं। उसी क्रम में इस बार भी लक्ष्य तय किये गए हैं। प्रत्येक ब्लाक से 250 दीए जलाएं जाएंगे। परिषदयी स्कूलो के शिक्षकों की तरफ से कुल 5250 दीप जलेंग। सभी के लिए क्षेत्र भी तय कर दिया गया है। इसकी निगरानी को पर्यवेक्षक प्रेम प्रकाश सिंह व प्रभारी राजस्व निरीक्षक सत्येश मिश्र बनाए गए हैं। शिक्षकों को निर्देश है कि वह 3:30 बजे अनिवार्य रूप से संगम के किनारे अपने सेक्टर में पहुंच जाएं और दीप प्रज्वलित करने की व्यवस्था में लग जाएं।

अखण्ड भारत संदेश के लिए स्वामी

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज रविवार, 29 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### दुष्कर्म की धारा बढ़ी आरोपित गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** दस दिन पूर्व किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में कलमबंद बयान के बाद पुलिस ने दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी है। शनिवार को पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया।पट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 नवंबर को रात करीब आठ बजे शौच को जा रही 15 वर्षीय लड़की को गांव का एक युवक हाथ पकड़कर घसीटने लगा था। शोर मचाने पर परिजनों को आते देख आरोपित भाग निकला था। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने अंतिम गौतम के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की थी। कोर्ट में किशोरी के बयान के बाद पुलिस ने छेड़छाड़ की रिपोर्ट में दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी। मामले की विवेचना कर रहे एसआई धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को आरोपित युवक अंतिम गौतम को गिरफ्तार कर लिया गया। लिखापढ़ी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# दावत खाने गए युवक की पेड़ से बंधी मिली लाश

### मौके की परिस्थिति युवक की हत्या किए जाने की दे रही खुलेआम गवाही

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के भइला मखदुमपुर गांव का एक युवक शुक्रवार की शाम दावत खाने गया था लेकिन वह रात में घर नहीं लौट सका युवक की लाश शनिवार की सुबह गांव के बाहर खेत के पेड़ में पेड़ से बंधी हुई मिली है मृतक युवक का कमर के नीचे का हिस्सा जमीन पर पूरी तरह से लेटा हुआ था मौके पर युवक की लाश जिस तरह से बंधी थी उसे आत्महत्या कहीं नहीं कहा जा सकता लेकिन परिजनों ने पुलिस को युवक के आत्महत्या किए जाने की तहरीर दी है पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक युवक चार भाई थे मृतक के भाई दुर्गेश की कुछ महीने पहले संदिग्ध मौत हो चुकी है बताया जाता है कि दुर्गेश की मौत जहर खाने से हुई है दुर्गेश ने जहर खाकर आत्महत्या कर दिया था या फिर उसे किसी ने जहर खिलाकर मौत दे दी थी लेकिन उस बार भी मौत के बाद परिजनों ने दुर्गेश की लाश का पोस्टमार्टम नहीं कराया है जिससे दुर्गेश की मौत एक रहस्य बन के रह गई है मृतक का एक भाई महेश कुमार गांव छोड़कर बाहर चला गया है बताया जाता है कि वह किसी लड़की को लेकर फरार हो गया है अब गांव में केवल एक अकेला भाई उमेश कुमार बचा है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के भइला मखदुमपुर गांव निवासी अखिलेश कुमार पासी उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र नरेश कुमार शुक्रवार की शाम दावत खाने गांव में ही गया था लेकिन दावत खाने के बाद वह वापस घर नहीं लौट सका सुबह ग्रामीणों ने देखा कि गांव के बाहर खेत में एक पेड़ से उसकी लाश बांध दी गई है आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है लेकिन लाश देखकर स्पष्ट प्रतीत होता है कि युवक की हत्या कर लाश को पेड़ से बांध दिया गया है लाश का लटकना तो दूर शरीर का आधा हिस्सा जमीन पर लेटा हुआ था अपने भाई की हत्या कर लाश पेड़ से बांध दिए जाने की जानकारी मिलने के बाद भी मृतक के भाई उमेश कुमार ने अखिलेश कुमार के आत्महत्या किए जाने की तहरीर करारी पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक युवक की लाश और घटनास्थल पर जुटी भीड़

### फिंगरप्रिंट खोल सकता था राज

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के अखिलेश कुमार पासी की संदिग्ध मौत के मामले में यदि फिंगरप्रिंट के साक्ष्य की गंभीरता से जांच कराई जाए तो तमाम संदिग्ध मौतों का रहस्य उजागर होगा और संदिग्ध मौतों के मामले में फिंगरप्रिंट के सहारे पुलिस अपराधियों के गिरेहबान तक पहुंच सकती है लेकिन तमाम संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस फिंगरप्रिंट लेने में या तो आनाकानी कर देती है या फिर पुलिस जल्दबाजी में तमाम साक्ष्य नष्ट कर देती है जिसके चलते संदिग्ध मौत के मामले में अपराधियों के गिरेहबान तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पाते हैं।

### आत्महत्या को संदिग्ध बता रहे चिकित्सक

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के भइला मखदुमपुर गांव में अखिलेश कुमार पासी की मौत के बाद पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम भेजा है जहां परिजनों के साथ-साथ तमाम गांव वाले रिश्तेदार नातेदार भी पहुंचे हैं जिन चिकित्सकों ने अखिलेश का पोस्टमार्टम किया है उनसे लोगों ने अखिलेश की मौत पर सवाल किया है जिस पर चिकित्सकों ने अखिलेश की मौत को आत्महत्या की घटना से इंकार कर दिया है चिकित्सकों के बयानों से भी यह लगने लगा है कि अखिलेश की हत्या किसी साजिश के तहत की गई है।

# मंझनपुर के पाली क्लीनिक में इलाज कराने के बाद मरीज की मौत

### पाली क्लीनिक के चिकित्सक को कड़ा धाम कोतवाली पुलिस चिन्हित करने के बाद चिकित्सक की कर रही है तलाश

**करारी कौशांबी।** जिले में मरीजों की मौत का सिलसिला इलाज के दौरान थमने का नाम नहीं ले रहा है मंझनपुर मुख्यालय के सिराथू रोड पर सेंट्रल बैंक के नीचे एक पाली क्लीनिक में एक मरीज का 30 सितंबर को इलाज किया गया इसके 2 दिन बाद ही मरीज की मौत हो गई है इस मामले में कड़ा धाम कोतवाली में झोलाछाप चिकित्सकों के नाम मुकदमा दर्ज किया गया है मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद इलाके के एक डॉक्टर को पुलिस चिन्हित कर सकी है जबकि मंझनपुर के इस पाली क्लीनिक के चिकित्सक को कड़ा धाम कोतवाली पुलिस चिन्हित करने के बाद चिकित्सक की तलाश कर रही है मंझनपुर के पाली क्लीनिक में जिस मरीज का इलाज हुआ था वह कड़ा धाम कोतवाली अंतर्गत एक गांव का रहने वाला बताया जाता है इलाज के दौरान चिकित्सक के अनुभव हीनता के चलते उल्टी दवाइयां दे दी हैं जिससे उसकी मौत हो गयीं है। मंझनपुर के उक्त अस्पताल में मरीज का ऑपरेशन भी कर दिया गया था जबकि चिकित्सक के पास सर्जन की डिग्री नहीं है और इस क्लीनिक के पास मरीज भर्ती करने के लिए अस्पताल का लाइसेंस भी नहीं है फिर भी मरीज भर्ती किए जाते हैं मरीज का इलाज के दौरान ऑपरेशन कर दिया गया था जो असफल हो गया और इलाज के दौरान स्वस्थ होने के बजाय मरीज मौत के मुंह में चला गया है। मंझनपुर मुख्यालय में चल रहे इस पाली क्लीनिक की ओर अभी तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नजर नहीं उठाई है इसके पहले भी मंझनपुर मुख्यालय में आधा दर्जन मरीजों की इलाज के दौरान मौतें हो चुकी हैं जो गंभीर चिंतन का विषय है मुकदमा दर्ज होने के बाद कड़ा धाम कोतवाली पुलिस मंझनपुर के क्लीनिक के चिकित्सक की तलाश कर रही है और जल्द ही इस क्लीनिक के चिकित्सक की गिरफ्तारी कड़ा धाम कोतवाली पुलिस कर सकती हैं।

# धरना प्रदर्शन सभा कर किसानों के लिए कांग्रेस ने मांगा अधिकार

### किसानों के हितों को उद्योगपतियों के दबाव में भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों के पास गिरवी रख दिया

**कौशांबी।** पूरे देश के किसानों के साथ भाजपा की मोदी सरकार अत्याचार अन्याय कर रही है जिससे किसान आंदोलन रत है और मोदी सरकार किसानों के आंदोलन की आड़ में किसानों पर जुल्म ज्यादती अत्याचार कर रही है किसानों पर हो रहे जुल्म ज्यादती को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जनपद मुख्यालय मंझनपुर में शनिवार को कांग्रेस नेताओं ने जोरदार धरना प्रदर्शन सभा कर कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन सौंपा है।

जनपद मुख्यालय में सभा करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अरुणा विद्यार्थी ने कहा कि किसानों के हितों को उद्योगपतियों के दबाव में भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों के पास गिरवी रख दिया है जिसके चलते आज किसानों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के ऊपर अत्याचार अन्याय और सरकार की जुल्म ज्यादती को बर्दाश्त नहीं करेगी और किसानों की मांगों का कांग्रेस पार्टी समर्थन करती है किसानों की उनकी उपज पर खरीद की गारंटी सरकार को देनी होगी। किसान आंदोलन के इस मौके पर किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष रजनीश पांडेय ने कहा कि किसानों के हितों के साथ अत्याचार अन्याय करने वाली सरकार की ईंट से ईंट बजा दी जाएगी उन्होंने कहा कि किसानों के साथ हो रहे अत्याचार अन्याय जुल्म ज्यादती को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसानों के हितों के मुद्दों को लेकर कांग्रेस सड़कों पर उतर जाएगी किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष रजनीश पांडेय ने कहा कि किसानों के हित की लड़ाई लड़ने को पूरी कांग्रेस पार्टी निष्ठा ईमानदारी से तैयार है उन्होंने कहा कि किसानों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया जाएगा और सरकार की नींद उड़ा दी जाएगी इस मौके पर कांग्रेस नेता शमीम आलम देवेश श्रीवास्तव एडवोकेट जितेंद्र शर्मा अमित द्विवेदी मिसबाहउल एन आशीष कुमार मिश्रा पप्पू शाहिद सिद्धकी वेद पांडेय खालिद भाई मोहम्मद गुलाम अली अहमद मथुरा दुबे भारत गौतम कमलाकांत शुक्ला लव मौर्य सहित तमाम कांग्रेसी नेताओं ने किसान हित के इस आंदोलन में हिस्सा लेकर धरना प्रदर्शन सभा में शामिल हुए।



धरना स्थल पर बैठे कांग्रेसी।

# भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए एक लाइन खींच कर मतदान करें: विधायक

**कौशाम्बी।** केपीएस विद्यालय भरवारी में झांसी इलाहाबाद स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर बूथ कार्यक्रम का आयोजन शानिवार को किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता रहे मुख्य अतिथि ने सभी वोटर भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञदत्त शर्मा हमारे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हैं हमें अपना मतदान कर के प्रत्याशी को विजय दिलाना है इसके लिए हमें प्रत्याशी के चित्र के सामने एक लाइन खींच कर अपना मतदान करना है एक-एक मतदान हमारे प्रत्याशी के लिए बहुत ही बहुमूल्य है। साथ ही विधायक ने सभी मंडल अध्यक्ष व सेक्टर संयोजको को एमएलसी चुनााव की वोटर सूची उपलब्ध कराई ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री दीपचंद दिवाकर अशोक केसरवानी जय सिंह पटेल मंडल अध्यक्ष मूरतगंज राममिलन चौधरी विवेक शुक्ला मनोज शुक्ला करुणेश त्रिपाठी मीडिया प्रभारी सूरज यादव आईटी प्रभारी मनोज साहू सहित मौजूद रहे।



एमएलसी चुनाव को लेकर बैठक करते चायल विधायक संजय गुप्त

# समय से किसानों का धान खरीदना, सरकार की प्राथमिकता : सांसद

### किसानों को परेशान करने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे

**कुंडा।** देश का किसान दिन रात कड़ी मेहनत करके फसलों को उगाता है। किसान की फसल का सही मूल्य देकर सरकार समय से फसल खरीद ले। किसान यही सरकार से अपेक्षा रखता है। सरकार की मंशा है। कि किसान की फसल की खरीद समय से हो 72 घण्टे के अन्दर किसान के खाते में पैसा पहुंच जाए।

परन्तु एक सप्ताह से शिकायत आ रही है कि कुंडा क्षेत्र में किसानों को एक से डेढ़ माह के बाद का टोकन दिया जा रहा है। किसानों की शिकायत को लेकर गुरुवार को कुंडा क्षेत्र भ्रमण के दौरान कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने अचानक धान क्रय केंद्र कुंडा पहुंच गए। वहां पहुंचते ही हड़कम्प मच गया। सांसद विनोद सोनकर ने लगभग पौने एक घण्टे रुककर निरीक्षण किया। धान क्रय केंद्र पर आए हुए किसानों से समस्याएं पूछी। जहां पर कई किसानों ने अपनी समस्याएं बताई। इस दौरान समय से धान ना खरीदे जाने सहित कई बिंदु की शिकायत किसानों ने सांसद विनोद सोनकर से प्रार्थना पत्र देकर किया। सांसद ने किसानों को भरोसा दिलाया कि सभी किसानों का धान समय से खरीदा जाएगा। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि प्रदेश सरकार की इच्छा है कि समय से किसानों का धान खरीदा जाए साथ ही समय से भुगतान हो जाए। परंतु लगातार क्षेत्र से शिकायत आ रही है कि टोकन एक से डेढ़ महीने बाद का दिया जा रहा है। ऐसी दशा में सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। कुंडा क्षेत्र के सिया में धान क्रय क्रेन्द्र के बंद होने की शिकायत आई थी। सांसद ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ से दूरभाष पर वार्ता करते हुए कुंडा क्षेत्र के धान क्रय केंद्र सुचारू रूप से न चलने की शिकायत की।

इसके बाद लाल साहब का पुरवा ताजपुर सरियांवा में एडवोकेट योगेश उपाध्याय के यहां बेटे के तिलक समारोह में शामिल हुए। कुंडा नगर में विनोद सोनकर के यहाँ तिलक समारोह में सम्मिलित हुए। इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, सरोज त्रिपाठी, उदय शंकर पाण्डेय,शीतला प्रसाद सोनकर, मोहम्मद सोहराब उपस्थित रहे।



कुण्डा क्षेत्र भ्रमण के दौरान कोशाम्बी सांसद विनोद सोनकर धान क्रय केन्द्र का किया अैचकनिरीक्षण

# एमआई के विरूद्ध कार्यवाही करने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

### धान क्रय केन्द्र संग्रामगढ़ के समय से न खुलने की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**प्रतापगढ़।** धान क्रय केन्द्र संग्रामगढ़ पर जब किसान अपने धान को लेकर पूर्वान्ह 11 बजे पहुँचे तो धान क्रय केन्द्र बन्द पाया गया और बताया गया कि एमआई के आने पर ही धान क्रय किया जायेगा तो किसानों द्वारा इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गयी। जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने इस शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये संग्रामगढ़ क्रय केन्द्र की एमआई ज्योत्सना सिंह के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने एवं निलम्बन के प्रस्ताव डिप्टी आरएमओ को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि यदि किसी भी क्रय केन्द्र पर केन्द्र प्रभारी समय से उपलब्ध नही होते है तो उनके विरूद्ध निलम्बन का प्रस्ताव शासन को भेजा जाये। जिलाधिकारी ने जनपद में दिनांक 27 नवम्बर तक धान क्रय केन्द्रों पर की गयी खरीद के सम्बन्ध में समीक्षा की तो पाया गया कि निर्धारित लक्ष्य 60000 मीट्रिक टन के सापेक्ष 15333.189 मीट्रिक टन की खरीद हुई जो 25.56 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने धान खरीद की धीमी प्रगति पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी को सचेत करते हुये निर्देशित किया है कि निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही कदापि न बरती जाये और प्रतिदिन धान क्रय की समीक्षा की जाये। उन्होने जनपद के केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि धान क्रय में यदि तेजी नही लायी जायेगी तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी इसलिये समय रहते किसानों से सम्पर्क स्थापित करके केन्द्रों पर धान के खरीद में तेजी लाये।

### ईट भट्ठा धारक 30 नवम्बर तक देय राजस्व जमा किये जाने के चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करें : डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने जनपद के ईट भट्ठा धारकों को सूचित किया है कि दिनांक 30 नवम्बर 2020 तक देय राजस्व जमा किये जाने के चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करें, यदि देय राजस्व न जमा किया गया हो तो निर्धारित लेखा शीर्षक के अन्तर्गत मय ब्याज सहित जमा कर चालान की प्रति प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि के उपरान्त नियमानुसारध्शासनादेशानुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट अथवा सक्षम न्यायालय में परिवाद दाखिल करने की कार्यवाही की जायेगी जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित ईट भट्ठा स्वामी का होगा।



शमशेरगंज के फील्ड आफीसर अपने विदाई समारोह में।

# बैंक के कर्मचारियों में टीम भावना का होना जरूरी : रामेश्वर सहाय

**लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़।** अनवरत पैंतीस वर्ष की सेवा के उपरान्त बड़ौदा उत्तर प्रदेश शाखा शमशेरगंज के फील्ड आफिसर रामेश्वर सहाय ने अपने विदाई समारोह में अपने सम्बोधन में कहा कि बैंक की उन्नति के लिए कर्मचारियों में टीम भावना का होना जरूरी है। उन्होंने अपने सेवा काल के अनुभवों को साझा करते हुए उपस्थित साथियों को बैंक की प्रगति का मूलमंत्र भी बताया।शाखा के प्रबंधक जगजीत प्रियदर्शी ने फील्ड आफिसर रामेश्वर सहाय को अंगवस्त्र, उपहार एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। उनके बताए हुए मूलमंत्र पर चलने का वादा किया।संचालन शिक्षक एवं साहित्यकार डा.अरुण कुमार रत्नाकर ने किया।समारोह में मुख्य रूप से बैंककर्मी कैलाश चन्द्र पाण्डेय, आनंद कुमार केसरी, उदय बहादुर यादव,हरिश्चंद्र गौतम,पवन शुक्ल, विजय नारायण पाण्डेय एवं मिठाई लाल गौतम आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता परिषद के न्याय केंद्र पर आज से मिलेगी वंचित व्यथितों को नि:शुल्क कानूनी सलाह

**प्रतापगढ।** गरीब, असहाय, शोषित, पीड़ित ,न्याय से वंचित व्यथितों को निरूशुल्क कानूनी सलाह प्रदान करने के उद्देश्य अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश प्रतापगढ़ इकाई द्वारा न्यू बाबागंज में स्थापित न्याय केंद्र पर रविवार को जिले के वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा निशुल्क रायपुर सलाह दी जाएगी। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी शिवेश शुक्ल ने देते हुए बताया कि परिषद द्वारा स्थापित न्याय केंद्र का 26 नवंबर 2020 को संविधान दिवस के मौके पर मा.न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद विवेक कुमार सिंह द्वारा बाबागंज पार्क रोड स्थित पंकज केशरवानी के मकान में उद्घाटन किया था। जिस पर 29 नवम्बर 2020 रविवार को परिषद की ओर से अपराह्न 11 बजे से 12 बजे तक जनपद के फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता जय नारायण सिंह,राम मिलन शुक्ल तथा सिविल के वरिष्ठ अधिवक्ता राधे श्याम शुक्ल द्वारा समाज के गरीब, असहाय, शोषित,पीड़ित ,न्याय से वंचित व्यथितों को निशुल्क कानूनी सलाह प्रदान करेंगे।परिषद के जिलाध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता व मीडिया प्रभारी शिवेश शुक्ल ने न्याय से वंचित गरीब असहाय व्यथित लोगों से अपील किया है कि न्याय केंद्र पर समय से पहुंचकर निरूशुल्क न्याय प्राप्त करें।



न्याय मूर्ति उच्च न्यायालय उद्घाटन करते।